आई टी एल पब्लिक स्कूल
पूर्व वार्षिक कार्य पत्रिका (2024-25)
हिंदी

दिनांक ः ________ उत्तरकुंजी कक्षाः तृतीय ___
नाम ः__________ रोल नंबरः _

	भाग- क
प्रश्न 1	निम्नलिखित शब्दों के लिए अनेक शब्द लिखिए। (क) खिलाड़ी ः खेल खेलने वाला। (ख) कुम्हार ः जो मिट्टी के बरतन बनाए।
प्रश्न 2	दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। (क) सेना में काम करने वाला ः सैनिक (ख) पत्र बाँटने वाला ः डाकिया (ग) जो सोने चाँदी के गहने बनाए ः सुनार
प्रश्न 3	रिक्त स्थान में उचित सर्वनाम शब्द लिखें। (क) ——तुम—— कैसे हो? (ख) ——हम—— खाना खा रहे हैं।
प्रश्न 4	दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्दों पर गोला लगाएँ। (क) मैं खेलने जा रही हूँ। (ख) वह मेरा दोस्त है। (ग) हम एक कक्षा में पढ़ते हैं।

प्रश्न 5	दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखें। (क) आगे - ——पीछे—— (ख) दिन - ——रात—— (ग) पराजय - —— जय —— (घ) अनुपस्थित - —— उपस्थित —— (ङ) दुर्गंध - —— सुगंध ——
प्रश्न 6	रिक्त स्थान भरें। (क) किसान ने गेहूँ की फसल क्यों लगाई ताकि भालू को ज़मीन के — नीचे — का हिस्सा केवल जड़ मिले और उसको — सुनहरे गेहूँ — मिले । (ख) भारत कविता के कवि — सोहनलाल द्विवेदी — हैं। (ग) सिमरन ने जब देखा चिड़िया फुदक कर इधर-उधर उड़ती रहती है। (घ) सिमरन ने देखा कि —— मधुमक्खी — सिर्फ एक फूल से दूसरे फूल पर जाकर बैठती है।
प्रश्न 7	भाग ख दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । एक दिन, सुमन और उसके दोस्तों ने पास के जंगल घूमने का फैसला किया। उन्होंने अपने साथ खाने के लिए कुछ नाश्ता रखा । अपनी लंबी पैदल यात्रा के लिए जूते पहने और निकल पड़े। जंगल में ऊँचे पेड़ों और पक्षियों की मधुर चहचहाहट ने उनका स्वागत किया। सुमन ने रास्ते में खिले हुए रंग-बिरंगे जंगली फूलों को देखा। अचानक उन्हें झाड़ियों के बीच से एक हिरण उछलता हुआ दिखाई दिया। कुछ समय बाद वे एक ठंडे पानी के झरने के पास आ गए। उन्होंने अपने पैरों को ठंडे पानी में डुबोया और एक-दूसरे पर चंचलता से छींटे मारे। कुछ देर आराम करने के बाद, वे घर वापस आ गए। (क) सुमन और उसके दोस्तों ने कहाँ घूमने का फैसला किया ? उत्तर: सुमन और उसके दोस्तों ने पास के जंगल घूमने का फैसला किया। (ख) सुमन ने रास्ते में क्या देखा ? उत्तर: सुमन ने रास्ते में खिले हुए रंग-बिरंगे जंगली फूलों को देखा।

	(ग) उन्हें झाड़ियों के बीच क्या दिखाई दिया ? उत्तर: उन्हें झाड़ियों के बीच एक हिरण उछलता हुआ दिखाई दिया। (घ) झरने का पानी कैसा था? उत्तर: झरने का पानी ठंडा था। (ङ) गद्यांश में से ढूँढकर विलोम शब्द लिखें । दूर - पास रात - दिन
प्रश्न 8	दिए गए वाक्यों को पढ़कर ✓ या ✗ का चिह्न लगाएँ। (क) भारत किसानों का देश है। ✓ (ख) भालू बार-बार खुश हो रहा था । ✗ (ग) सिमरन सारा दिन स्कूल में पढ़ती थी। ✓ (घ) भालू किसान को अपना भोजन बनाना चाहता था। ✓ (ङ) मधुमक्खियों ने सिमरन से कहा ," हम तो इतनी सुखी हैं "। ✗
प्रश्न 9	भाग- ग ' भारत ' कविता के आधार पर पंक्तियाँ पूरी करें । (क) राम कृष्ण से अंतर्यामी , तेरे सभी पुत्र हैं नामी। (ख) हम सदैव तेरा गुण गाएँ , सब विधि तेरा सुयश बढ़ाएँ।
प्रश्न 10	नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें। (क) भालू ने दूसरी बार ज़मीन नीचे की उपज क्यों माँगी ? उत्तर-पहली फसल से भालू के हिस्से में केवल पत्ते खाने को आए और किसान को ज़मीन के नीचे की फसल आलू मिली जिससे भालू चिढ़ गया था ।

	(ख) पेड़ क्या-क्या काम करते हैं ? उत्तर: पेड़ के हर अंग दिन- रात काम करते हैं। जड़े मिट्टी से पानी खींचती है । पत्ते दिन भर खाना बनाते हैं ।इसके बाद जब फल होते हैं तो पेड़ दूसरों को फल देकर परोपकार करते हैं। (ग) अंत में किसान ने बुद्धिमत्ता कैसे दिखाई? उत्तरः अंत में किसान ने गन्ने की फसल लगाई ताकि भालू को जड़ और पत्ते मिले । (घ) हिमालय को सुंदर मुकुट क्यों कहा गया है? उत्तर-हिमालय भारत की उत्तर दिशा में सबसे ऊपर स्थित है और बर्फ से ठका है।यह सफेद मोती की तरह दिखता है, इसलिए हिमालय को सुंदर मुकुट कहा गया है। (ङ) किसने , किससे कहा ? उत्तर : मधुमक्खियों ने सिमरन से कहा। (च) अपने देश के विषय में आप क्या जानते हैं? बताइए। (कोई दो वाक्य) उत्तर - मेरे देश का नाम भारत है। अपने देश के झंडे को हम 'तिरंगा' कहते हैं। भारत किसानों का देश है।
प्रश्न 11	दिए गए संकेतों की सहायता से अनुच्छेद लिखो। बड़ा दिन (क्रिसमस) संकेत- क्रिसमस का त्योहार कब, क्यों, कैसे मनाया जाता है? संदेश।

	भारत में समय -समय पर अनेक त्योहार मनाए जाते हैं, जिनमें से क्रिसमस भी एक है। इसे बड़ा दिन भी कहते हैं। यह ईसाइयों का प्रमुख त्योहार है। यह हर साल **25** दिसंबर को मनाया जाता है। इस दिन भगवान ईसामसीह का जन्म बेथलेहम के अस्तबल में हुआ था। इनकी माताजी का नाम मरियम व पिता का नाम युसुफ था। इस दिन घरों को सितारों , क्रिसमस ट्री व रंग -बिरंगी रोशनी से सजाया जाता है। लोग विशेष प्रकार के केक खाते हैं जिसे प्लम केक कहते हैं। लोग नए कपड़े पहनते हैं। गिरजाघर जाकर मोमबत्तियाँ जलाकर प्रार्थना करते हैं। क्रिसमस की रात को सैंटा क्लॉज़ आते हैं और बच्चों को उनके मनपसंद उपहार देते हैं। यह त्योहार हमें प्रेम मानवता और भाईचारे का संदेश देता है।